





## एक नजर में

### नपा उद्यान शाखा की बैठक, पौधरोपण की कार्ययोजना बनी



**मंदसौर।** नगरपालिका उद्यान शाखा की महत्वपूर्ण बैठक कल नपा कार्यालय परिसर में आयोजित हुई। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं सभापति रमेश ग्वाला की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में नपा गरीबी उपशमन समिति व उद्यान शाखा समिति के सदस्यगण कमलेश सिसौदिया, गोवर्धन कुमावत, भारती धीरज पाटीदार, मंजू अनिल मालवीय, बब्बन युसुफ गौरी, उद्यान शाखा लिपिक राजेन्द्र नीमा, सिटी मिशन मेनेजर अजय शर्मा, उपयंत्री राहुल गढाना भी उपस्थित थे। उद्यान शाखा की इस बैठक में आगामी समय में होने वाले पौधरोपण की कार्ययोजना बनाई गई। बैठक में व्यापक विचार विमर्श के उपरांत तय किया गया कि म.प्र. शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार नपा परिषद आगामी समय में सघन पौधरोपण अभियान चलायेगी। शासन ने नपा परिषद को 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य दिया है। नपा इस लक्ष्य के अनुसार कार्ययोजना तैयार करेगी। नपाध्यक्ष गुर्जर ने समिति के सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि वर्षा का दौर चल रहा है यह समय पौधरोपण के लिये उपयुक्त है। नपा कर्मचारीगण पौधरोपण कहा करना है। उसकी कार्ययोजना बनाये।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**मंदसौर।** श्रावण माह के शुभारंभ के पावन अवसर पर लायंस क्लब मंदसौर



डायनामिक द्वारा गुरुकुल में अध्ययनरत लगभग 50 संस्कृत विद्यार्थियों को तौलिया, स्वल्पाहार एवं दक्षिणा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान गुरुकुल परिसर में पौधरोपण कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन सुमित्रा चौधरी ने कहा कि श्रावण माह सेवा, साधना, संस्कार एवं आध्यात्मिक चेतना का पावन पर्व है। गुरुकुल के विद्यार्थी संस्कृत के अध्ययन के साथ-साथ वेद, शास्त्र, पूजा-अर्चना एवं भारतीय धार्मिक परंपराओं का ज्ञान अर्जित कर रहे हैं। ऐसे विद्यार्थियों का सम्मान करना हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों का सम्मान है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने तथा भारतीय संस्कृति और संस्कारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के प्रति आत्मीयता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। गुरुकुल परिवार ने लायंस क्लब मंदसौर डायनामिक द्वारा किए गए इस सेवा एवं सम्मान कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लायन चित्रा मंडलोई, लायन सीमा जैन, लायन नीलम जैसवानी, लायन विमला फरक्या, लायन लीला रावत, लायन उषा चौधरी सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### स्वच्छता पर्व पर नवांकुर संस्था ने किया वृक्षारोपण

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में ब्लॉक मंदसौर द्वारा चयनित नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था सेक्टर डिगांवमली क्र.4 स्वच्छता पर्व मनाया गया इसमें एक पेड़ मां के नाम को लेकर वृक्षारोपण किया गया जिसमें नीम शीशम सागौन के पौधों का रोपण आदर्श ग्राम पिपलिया कराडिया में किया गया एवं स्वच्छता अभियान स्वैच्छिकता की सामूहिक शपथ दिलाई कार्यक्रम में उपस्थित नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश सोलंकी ग्राम पंचायत के सचिव संजय सेठिया, पूर्व सरपंच वीरेंद्र सिंह सिसोदिया, गोपाल सिंह सिसोदिया, गोपाल धनगर, रमेश वीर गोस्वामी, किशोर सिंह, मोहन सिंह, राधेश्याम धनगर एवं सरस्वती स्कूल की छात्राएं और ग्राम बहुत सी उपस्थित रहे।

## सांसद कंगना रनौत के बयान से मंदसौर में आक्रोश- महिला कांग्रेस ने फूंका पुतला

**मंदसौर।** सांसद कंगना रनौत द्वारा महिलाओं और युवाओं के खिलाफ दिए गए आपत्तिजनक व विवादित बयानों को लेकर मंदसौर में महिला कांग्रेस का गुस्सा फूट पड़ा।

इस बयान के कड़े विरोध में 31 जुलाई को गांधी चौराहे पर महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव राखी सत्रावाला के नेतृत्व में एक विशाल और आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कंगना रनौत के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए उनके खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया और चौराहे पर उनका पुतला दहन किया। भाजपा के इशारे पर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रही महिला नेत्रियों पर पुलिस ने बर्बरतापूर्वक व्यवहार किया लेकिन फिर भी महिला नेत्रियां पुतला जलाने में सफल रही।




प्रदर्शन के दौरान संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव राखी सत्रावाला ने कहा कि जनप्रतिनिधि के पद पर बैठी महिला से समाज की महिलाओं और युवाओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार की उम्मीद की जाती है, लेकिन कंगना रनौत लगातार अपने अशोभनीय बयानों से देश की महिलाओं और संघर्षशील युवाओं का अपमान कर रही हैं। महिला कांग्रेस इस तरह के जनविरोधी और अपमानजनक बयानों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी ।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने अपने संबोधन में कहा कि कंगना रनौत का यह बयान उनकी महिला विरोधी और युवा विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी ने भी कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राजनीति में संवाद की गरिमा बनी रहनी चाहिए, लेकिन कंगना रनौत लगातार मर्यादाओं की सीमा लांघ रही हैं।

## माता- पिता युवावस्था में संतान को मर्यादित जीवन जीने की प्रेरणा दे : साध्वी नेहाश्रीजी

**मंदसौर। आज की युवा पीढ़ी पर माता पिता का कन्ट्रोल नहीं है या है तो कम है। आज की युवा पीढ़ी स्वतन्त्रता नहीं स्वच्छन्दता चाहती है। हमे युवा पीढ़ी को स्वतन्त्रता तो देना है, लेकिन स्वच्छन्दता नहीं। माता पिता का दायित्व है कि वह अपने बच्चो के बड़े होने पर उन पर निगाह रखे। कालेज जीवन में गलत खानपान की आदत नहीं पड़े इसके लिये माता पिता संतान से सतत सम्पर्क में रहे तथा उन्हे मर्यादित जीवन जीने की प्रेरणा देती रहे।**

उक्त उद्गार परम पूज्य आचार्य विजयराजजी म.सा. की आज्ञानुवर्ती साध्वी नेहाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा 8 ने नवकार भवन शास्त्री कालोनी में आयोजित धर्मसभा में कहे। आपने शुक्रवार को यहां धर्मसभा में कहा कि युवा पीढ़ी में मर्यादा होना जरूरी है मर्यादा होगी तभी बनी रहेगी तब माता पिता इसके लिये सजग रहेगे। माता पिता युवावस्था में शराब व सिगरेट से अपनी संतान को दूर रखने के लिये जो भी हो वह करना ही चाहिये।

संतान कब घर आती है कहा जाती है किस के साथ रहती है इस पर निगाह रखे उसकी होने पर समझाईश दे नही तो आपका घर परिवार बिगडने में देर नही लगेगी। माता पिता यह जरूर देखे कि युवावस्था में संतान की मित्र मण्डली में कौन है। अच्छे परिवार के शिक्षित संस्कारवान बच्चे ही आपकी संतान के मित्र हो ऐसी समझाइश संतान को देवे। माता पिता रात्रि में संतान के देर से घर आने पर उन्हे टोके और जल्दी आने की समझाइश दे।

## 61 पौधे रोपकर विद्यार्थियों ने लिया संरक्षण का संकल्प

**मंदसौर।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश देते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत माध्यमिक विद्यालय परिसर में 61 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प लिया।

आयोजन भाजपा गुजर बर्दिया मंडल एवं मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ब्लॉक शाखा मंदसौर के संयुक्त मार्गदर्शन में हुआ। भाजपा गुजर बर्दिया मंडल अध्यक्ष भेरूलाल सेन, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र राठौर, मंडल कोषाध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रमुख महेंद्रसिंह सिसोदिया, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय मीडिया सह



प्रभारी रामचंद्र लोहार, संभागीय अध्यक्ष एवं संकुल प्राचार्य शंकरलाल आंजना, जिला उपाध्यक्ष रामगोपाल सालित्रा, जिला कोषाध्यक्ष कांतिलाल राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष रघुसिंह सिसोदिया सहित विद्यालय परिवार, विद्यार्थी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ पौधरोपण किया। वक्ताओं ने कहा कि पेड़ पर्यावरण संतुलन के साथ मानव जीवन और जैव विविधता के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से मातृ सम्मान के साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंच रहा है।

## मुनिराजश्री प्रत्यक्षरत्न विजयजी व श्री पवित्ररत्न विजयजी म.सा. के सानिध्य में शास्त्रजी का जुलूस निकला

**मंदसौर।** युग प्रभावक गुरुदेव श्री राजेन्द्रसूरिश्वरजी व गुरुदेव श्री जयन्तसेन सूरिश्वर श्री म.सा. की पावन प्रेरणा से जीवांगंज स्थित राजेन्द्र विहार में शास्त्र वाचन प्रारंभ किया गया है।

आचार्य श्री नित्यसेन सूरिश्वरजी म.सा. व आचार्य जयरत्न सूरिश्वरजी म.सा. के आज्ञानुवर्ती शिष्य प्रत्यक्षरत्न विजयजी म.सा. व पवित्ररत्न विजयजी म.सा. चातुर्मास हेतु यहां विराज रहे हैं उनकी पावन निश्रा में प्रति दिन प्रातरू 9 से 10.15 बजे तक शास्त्र वाचन प्रारंभ हो गया है। कल शास्त्र वाचन के प्रथम दिवस दोनों शास्त्रों का चल समारोह निकाला



गया। धर्मबिन्दू शास्त्र विराने की बोली के लाभार्थी राजमलजी लोढा परिवार व समरादिव्य केवली चरित्र शास्त्र की बोली के लाभार्थी मिश्रीलालजी हिंगड़ परिवार के सदस्यों ने अपने सिर पर शास्त्र रखकर उसका चल समारोह निकाला। त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ मंदसौर व चातुर्मास समिति व राजेन्द्र जैन नवयुवक व तरुण परिषद के तत्वाधान में निकले इस शास्त्र वाचन चल समारोह में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं शामिल हुये। चल समारोह की शुरुआत जीवांगंज स्थित राजेन्द्र विहार से हुई उसके बाद चल समारोह ने जीवांगंज के कई मार्गों का भ्रमण किया।



## भाजपा जिलाध्यक्ष पं. दीक्षित एवं नपाध्यक्ष गुर्जर ने हाई मास्ट का लोकार्पण किया

**मंदसौर।** नपा परिषद मंदसौर के द्वारा मंदसौर नगर में पिछले दिनों पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हेतु वार्ड क्रमांक 17 के माहेश्वरी धर्मशाला के सामने नयापुरा रोड पर, वार्ड क्रमांक 18 में भारत माता चौराहा पर एवं वार्ड क्रमांक 23 नई सब्जी मंडी प्रांगण में हाई मास्ट लगायी गयी थी।

कल भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित एवं नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने इन तीनो स्थानो पर पहुंचकर हाई मास्ट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कारुलाल सोनी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी, नपा सभापतिगण एवं क्षेत्रीय पार्षद रमेश ग्वाला, शांति दिनेश फरक्या, पार्षद रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, पार्षगण कमलेश सिसौदिया, गोवर्धन कुमावत, दलपत सिह डांगी, अफजल शाह, अंकित बारिया, फिरोज भाई अचेरी, मनोज चौधरी, हेमंत सौलंकी सहित कई गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

**एक नजर** — नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ 108 कन्याओं की गुरुदीक्षा संपन्न

## गायत्री परिवार ने ग्राम मगराना में निकाली नशा मुक्ति रैली

**मन्दसौर।** ग्राम मगराना में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में विविध आध्यात्मिक एवं जनजागरण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नशा मुक्ति रैली के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं, पुरुषों एवं कन्याओं ने सहभागिता कर समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, संस्कारित एवं व्यसनमुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया गया।

रैली के पश्चात गोधाम गौ



विज्ञान शाला, चौबीसा मगरा में भव्य नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण, परिवार की सुख-समृद्धि तथा राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। यज्ञ का संचालन उपजोन समिति सदस्य श्री ईश्वरलाल फरक्या एवं जिला समन्वयक श्री जसवंत सिंह राठौर ने किया।

महायज्ञ के उपरांत 108 कन्याओं को गुरु दीक्षा प्रदान की गई। गुरु दीक्षा के माध्यम से कन्याओं को सदाचार, आत्म निर्माण, संयम, संस्कार एवं आध्यात्मिक जीवन के महत्व से परिचित कराया गया तथा गायत्री साधना एवं युग निर्माण के आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलाया गया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक श्री जसवंत सिंह राठौर ने अपने जन्मदिन पर मानव सेवा का प्रेरणादायी संकल्प लेते हुए अंगदान का संकल्प-पत्र भरकर शांतिकुंज, हरिद्वार को प्रेषित किया।

# नीमच

## एक नजर में

### इंडियन आर्मी से सेवानिवृत हुए दिनेश चंद्र गायरी



**नीमच।** जावद तहसील के ग्राम धामनिया (लासूर) निवासी एवं इंडियन आर्मी में पदस्थ सैनिक दिनेश चंद्र पिता शंकरलाल गायरी अपना सेवा कार्य पूर्ण कर 31 जुलाई को सेवानिवृत्ति हो चुके हैं। सेवानिवृत्ति के पश्चात इंडियन आर्मी के सैनिक दिनेश चंद्र गायरी आज 1 अगस्त को प्रात: 10:00 बजे कोटा- मंदसौर ट्रेन से नीमच रेलवे स्टेशन पर पहुंचेंगे। रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर उनका परिवारजन, ईष्ट मित्रों एवं समाज जन द्वारा स्वागत अभिनंदन किया जाएगा, साथ ही ढोल ढमाके एवं डीजे के साथ शहर में एक वाहन रैली निकाली जाएगी। वाहन रैली 11:00 बजे रेलवे स्टेशन नीमच से प्रारंभ होगी, जो सीआरपीएफ रोड, गोमाबाई नेत्रालय मार्ग, कलेक्ट्रेट चौराहा, जावद-भरभड़िया रोड, देवनारायण मंदिर पालराखेड़ा, सरवानिया महाराज होते हुए निज निवास ग्राम धामनिया (लासूर) पहुंचेगी। वाहन रैली के अंतर्गत जगह-जगह विभिन्न समाज सेवी संगठनों द्वारा इंडियन आर्मी के सैनिक दिनेश चंद्र गायरी का शानदार स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। उक्त जानकारी समाजसेवी रमेश धनगर, डसानी ने दी।

### पेट्रोल पंप पर बच्ची को कार से टक्कर के बाद विवाद



**नीमच।** कैंट थाना क्षेत्र स्थित अंबेडकर मार्ग पर नागौरी पेट्रोल पंप शुक्रवार दोपहर उस समय विवाद का केंद्र बन गया, जब पेट्रोल भरवाने पहुंचे एक वाहन की कथित टक्कर से एक मासूम बच्ची घायल हो गई। हादसे के बाद शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई, जिसमें एक व्यक्ति के सिर पर गंभीर चोट आई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया, संबंधित लोगों को राउंडअप किया तथा प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अमावली महल निवासी गजेंद्र सिंह राजपूत अपनी छोटी बच्ची के साथ नागौरी पेट्रोल पंप पर मौजूद थे। इसी दौरान एमपी-13-एएच-0661 नंबर की कार पेट्रोल पंप परिसर में पहुंची। आरोप है कि चालक की लापरवाही से कार बच्ची के पैर से टकरा गई। गजेंद्र सिंह ने वाहन चालक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वाहन नहीं रुका। इसके बाद विरोध जताने पर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। गजेंद्र सिंह का आरोप है कि विवाद के दौरान कार चालक तनवीर उर्फ पिंकू ने हाथ में पहने कड़े से उनके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच पेट्रोल पंप परिसर में जमकर हाथापाई हुई। घटना के चलते कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायल गजेंद्र सिंह को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया, जबकि घटना में शामिल लोगों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया। कैंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बच्ची के वाहन से टच होने की बात को लेकर विवाद सामने आया है।

## औषधि नियमों के उल्लंघन पर औषधि प्रशासन की कार्रवाई

### मेडिकल स्टोर का लाइसेंस किया निलंबित

**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देश तथा उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले में औषधि विक्रय संस्थानों के विरुद्ध निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्रवाई लगातार जारी है। निरीक्षण के दौरान दवाओं के विक्रय, क्रय-विक्रय अभिलेख, कोडीन युक्त कफ सिरप सहित अन्य अनुसूची 'एच' एवं 'एच-1' श्रेणी की दवाओं के संधारित रिकॉर्ड की गहन जांच की जा रही है।**

निरीक्षण के दौरान मालखेड़ा, नीमच स्थित मैसर्स श्री श्याम केमिस्ट पर पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में मेडिकल स्टोर का संचालन, औषधियों के विक्रय अभिलेखों का नियमानुसार संधारण नहीं किया जाना तथा अन्य अनियमितताएं पाई गईं। इस संबंध में पूर्व में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, किंतु संचालक द्वारा संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 तथा नियमावली, 1945 के तहत संस्थान का औषधि लाइसेंस छह दिवस के लिए निलंबित कर दिया गया है।

> **नियमों का पालन करने के दिए निर्देश**
>
> खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिले के सभी औषधि विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 तथा नियमावली, 1945 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। मेडिकल स्टोर पर दवाओं का क्रय-विक्रय अनिवार्य रूप से पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति में ही किया जाए तथा अनुसूची 'एच' एवं 'एच-1' श्रेणी की दवाओं के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेख नियमानुसार संधारित किए जाएं। निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संस्थानों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

इसी प्रकार मैसर्स श्री भैरवनाथ मेडिकल एंड जनरल स्टोर, नीमच रोड, रघुनाथपुरा,सिंगोली में भी पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में मेडिकल स्टोर संचालित पाए जाने, विक्रय अभिलेखों के नियमानुसार संधारण नहीं किए जाने सहित अन्य अनियमितताओं के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। संस्थान संचालक को निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समय-सीमा में जवाब अथवा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नियमानुसार लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।



## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नीमच।** विश्व मानव दुर्व्यापार निरोधी दिवस के अवसर पर पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार जिले में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) निकिता सिंह के नेतृत्व में महिला सुरक्षा शाखा तथा जन साहस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में कमला नेहरू कॉलोनी स्थित मनासा बस्ती में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों को मानव तस्करी के प्रति जागरूक रहने और समाज में जनजागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) निकिता सिंह, जन साहस संस्था के जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार सुनारतिया, संस्था सदस्य समीर मंसूरी, अनिता दुर्गज, महिला सुरक्षा कार्यालय नीमच का स्टाफ तथा बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## मैदान बचाओ समिति की जिला कलेक्टर से सकारात्मक वार्ता

### वैकल्पिक भूमियों पर विचार करने का मिला आश्वासन

**नीमच।** 'मैदान बचाओ संघर्ष समिति' के सदस्यों ने जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा से मुलाकात कर मैदान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के दौरान समिति ने कलेक्टर को हाल ही में विधायक दिलीप सिंह परिहार और नपा अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा से हुई सकारात्मक चर्चा व मुलाकात की जानकारी भी दी।

वार्ता के दौरान जिला कलेक्टर ने समिति के पक्ष, मांगों और चिंताओं को बेहद ध्यानपूर्वक और सकारात्मक रूप से सुना। बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि संबंधित विषय के समाधान के लिए विभिन्न वैकल्पिक भूमियों पर विचार किया जाएगा।

जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने समिति द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं पर सहानुभूतिपूर्वक और सकारात्मक निर्णय लेने का स्पष्ट आश्वासन दिया है। प्रशासन और समिति के बीच हुई इस महत्वपूर्ण वार्ता के बाद अब मामले में जल्द ही किसी व्यावहारिक समाधान की उम्मीद जताई जा रही है।

जिला कलेक्टर से मुलाकात करने पहुंचे इस प्रतिनिधिमंडल में कपिल सिंह चौहान, जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष श्याम गुर्जर, इंजिनियर नवीन कुमार अग्रवाल, कीर्ति पंचोली और मोहित रामरख्यानी प्रमुख रूप से शामिल थे।

**एक नजर** — वक्तृत्व कला का दिखा प्रभावशाली प्रदर्शन

## प्रेमचंद जयंती पर छात्राओं ने प्रस्तुत किए साहित्यिक विचार

**नीमच।** श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच के हिन्दी विभाग द्वारा शुक्रवार को हिन्दी साहित्य के महान कथाकार एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में साहित्य के प्रति रुचि विकसित करना, उनकी वक्तृत्व कला को प्रोत्साहित करना तथा प्रेमचंद के साहित्यिक योगदान से उन्हें परिचित कराना था। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि संपूर्ण संचालन एवं सभी साहित्यिक प्रस्तुतियां महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा ही दी गईं।



कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रा निहारिका द्वारा मुंशी प्रेमचंद के जीवन, साहित्यिक यात्रा एवं सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए किया गया। इसके बाद छात्राओं ने प्रेमचंद की विभिन्न कहानियों एवं उपन्यासों पर अपने विचार प्रस्तुत कर उनके साहित्य में निहित सामाजिक, नैतिक एवं मानवीय मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से सामने रखा। छात्रा खुशी गुर्जर ने निर्मला उपन्यास के माध्यम से अनमेल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के दुष्परिणामों को रेखांकित किया। आस्था ने शतरंज के खिलाड़ी कहानी में व्यसन और विलासिता के कारण व्यक्ति एवं समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को बताया। ट्विंकल ने प्रेमचंद के फटे जूते निबंध के माध्यम से प्रेमचंद के सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, उच्च विचारों और संघर्षमय जीवन को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इसी क्रम में जीनत ने गबन उपन्यास का कथासार एवं उसके सामाजिक संदेश पर प्रकाश डाला। तनु ने प्रेमाश्रम के माध्यम से किसानों के संघर्ष, शोषण और सामाजिक विषमताओं का उल्लेख करते हुए युवाओं से समाज परिवर्तन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।